# मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर

(574, साउथ सिविल लाइन्स, पचपेढ़ी)
फोनः 0761–2678352, 2624131 फैक्सः 0761–2678537 ईमेलः mplsajab@nic.in

**प्रेस नोट** दिनांक :– 15.08.2022

## स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर माननीय मुख्य न्यायाधिपति महोदय के द्वारा ध्वजा रोहण किया गया एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण को आई.एस.ओ. का दर्जा प्राप्त होने के साथ–साथ विभिन्न गतिविधियों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया

म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रागंण में माननीय न्यायमूर्ति श्री रवि मलिमठ, मुख्य न्यायाधिपति महोदय म.प्र. उच्च न्यायालय एवं मुख्य संरक्षक, म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा माननीय न्यायमूर्ति श्री शील नागु, प्रशासनिक न्यायाधिपति, म.प्र. उच्च न्यायालय एवं कार्यपालक अध्यक्ष, म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर, माननीय न्यायमूर्तिगण म.प्र. उच्च न्यायालय जबलपुर एवं अन्य सम्माननीय अतिथिगण की गरिमामयी उपस्थिति में ध्वजारोहण किया गया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अन्य गतिविधियों के साथ–साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

## विमोचन – केन्द्र एवं राज्य शासन की कल्याणकारी योजनाओं को संकलित कर तैयार की गई पुस्तक एवं स्थायी लोक अदालत लोकोपयोगी सेवा से संबंधित लीफलेट

ध्वजारोहण के पश्चात् माननीय मुख्य न्यायाधिपति महोदय द्वारा "केन्द्र एवं राज्य शासन से संबधी जनकल्याणकारी योजनाओं को संकलित कर राज्य प्राधिकरण द्वारा तैयार की गई पुस्तक एवं स्थायी लोक अदालत लोकोपयोगी सेवा से संबंधित लीफलेट का विमोचन किया गया, जिसके माध्यम से जन–सामान्य को प्रदेशभर में शासन की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी सुलभ तरीके से प्राप्त हो सकेगी और लोकोपयोगी सेवा की लोक अदालत का लाभ भी आम–जन उठा सकेंगे।

## प्रदेश स्तरीय वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत 2,05,000 वां पौधा माननीय मुख्य न्यायाधिपति महोदय द्वारा राज्य प्राधिकरण कार्यालय में रोपित किया गया

पंच–ज अभियान के अंतर्गत राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित प्रदेशव्यापी वृक्षारोपण अभियान (11 जुलाई, 2022 से 15 अगस्त, 2022 तक) के समापन के स्मृति स्वरूप माननीय मुख्य न्यायाधिपति महोदय द्वारा रूद्राक्ष का पौधा रोपित किया गया। साथ ही बालगृह की बालिका कु. अंशिका द्वारा भी संचालित अभियान के अंतर्गत कार्यालय परिसर में रूद्राक्ष का पौधा लगाया गया। यह अवगत कराया जाता है कि इस प्रदेशव्यापी अभियान के अंतर्गत संपूर्ण मध्यप्रदेश में कुल 2,05,000 पौधे रोपित किए गए है। राज्य प्राधिकरण द्वारा यह भी विशेष रूप से प्रयास किया गया है कि अभियान के अंतर्गत रोपित किये गये पौधे का उचित रूप से संरक्षण भी किया जाये।

**लोकार्पण एवं शुभारंभ– राज्य प्राधिकरण का नवनिर्मित सेमीनार हॉल का लोकार्पण, बाल सदन का शुभारंभ एवं राज्य प्राधिकरण को आई.एस.ओ. का दर्जा प्राप्त हुआ**

माननीय मुख्य न्यायाधिपति महोदय द्वारा राज्य प्राधिकरण में बाल सदन का शुभारंभ एवं नवनिर्मित सेमीनार हॉल का लोकार्पण'' भी किया गया। राज्य प्राधिकरण कार्यालय द्वारा प्रक्रिया आधारित कार्य–प्रणाली, आंतरिक कार्यदक्षता बढ़ाने, फाइलों को चिन्हित करना सरल बनाने आदि मानकों को पूर्ण करने के परिणामस्वरूप ISO 9001 : 2015 क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम एवं ISO 14001 : 2015 इंवायरमेंटल मैनेजमेंट सिस्टम प्रमाणीकरण प्राप्त हुआ है, जिसके प्रमाण पत्र का अवलोकन भी माननीय मुख्य न्यायाधिपति महोदय द्वारा किया गया।

**राज्य प्राधिकरण की नवीन बेवसाईट लोकार्पित**

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राज्य प्राधिकरण जबलपुर द्वारा निर्मित नवीन बेवसाईट का लांच माननीय मुख्य न्यायाधिपति महोदय द्वारा किया गया, जिसके अंतर्गत राज्य प्राधिकरण द्वारा संचालित गतिविधयों को सम्मिलित करते हुये जिला प्राधिकरण एवं तहसील विधिक सेवा समितियों से संबंधित आवश्यक एवं महत्वपूर्ण जानकारियॉ जन–सामान्य के लिये उपलब्ध कराई गई है। राज्य प्राधिकरण की ओर से श्रीमती स्वप्नश्री सिंह, उपसचिव द्वारा यह अवगत कराया गया है कि नवीन बेवसाईट के माध्यम से ना केवल विधिक सेवा संस्थानों द्वारा संचालित गतिविधियों की जानकारी प्राप्त हो सकेगी बल्कि किसी भी व्यक्ति द्वारा अपनी समस्याओं हेतु राज्य प्राधिकरण को ऑनलाईन माध्यम से आवेदन भी किया जा सकेगा, जिसका त्वरित निराकरण किया जायेगा। नवीन बेवसाईट में दृष्टिबाधित व्यक्तियों के लिये स्क्रीन रीडर एक्सेस सहित अन्य सुविधायें भी उपलब्ध है।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम**

सेमीनार हॉल के लोकार्पण के पश्चात् सांस्कृतिक प्रस्तुतियॉ भी दी गई जिसमें बच्चों द्वारा वेद श्लोक पाठन, बालगृह रॉझी एवं दृष्टिहीन बालिका विद्यालय जबलपुर के बालक/बालिकाओं द्वारा आकर्षक प्रस्तुतियॉ दी गई। गायिका सॉवेरी सत्यार्थी एवं उनकी टीम द्वारा देशभक्ति गीत की प्रस्तुति दी गई। घरेलू हिंसा एवं विधिक सेवा संस्थानों की कार्यप्रणाली को दर्शित करते हुये मंगलायतन यूनिवर्सिटी के विधि छात्र एवं छात्राओं द्वारा लघु नाटिका का मंचन भी किया गया।

आयोजित कार्यक्रम में माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर के रजिस्ट्रार जनरल, रामकुमार चौबे, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जबलपुर नवीन कुमार सक्सेना सहित रजिस्ट्री न्यायिक अकादमी, जिला न्यायालय के न्यायिक अधिकारीगण, अधिवक्ता संघों के प्रतिनिधि एवं सम्माननीय अधिवक्तागण भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन राजीव कर्महे, सदस्य सचिव, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा किया गया एवं मनोज कुमार सिंह, अतिरिक्त सचिव, म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में राज्य प्राधिकरण के भी समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे।

सलंग्न :– सॉफ्टकॉपी एवं फोटोग्राफ्स।

15/08/22

**(मनोज कुमार सिंह)**
**अतिरिक्त सचिव**